>

Title: Need to declare the existing state highway passing through Himmat Nagar-Vijayapur Mehsana-Radhanpur in Gujarat as a National Highway - Laid.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा से निकलने वाला राजमार्ग हिम्मत नगर-विजयापुर-मेहसाणा-राधानपुर को राज्य राजमार्ग से राÂट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करना अति आवश्यक है क्योंकि यह राजमार्ग उत्तर गुजरात के कई बडे बडे शहरों को जोडता है और उत्तर गुजरात के आर्थिक विकास में यह सड़कें बहुत ही मायने रखती हैं। अगर इस राजमार्ग को राÂष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर दिया जाये, तो इस क्षेत्र के पिछड़े इलाकों के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। इन क्षेत्रों में रेलवे एवं वायु सेवा के कोई भी साधान उपलब्ध नहीं हैं। दूसरे राज्यों को आने जाने वाले बड़े परिवहन एवं यातायात भी इस राजमार्ग से होकर गुजरते हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने की कृपा करें।